पाटलिग्राम बिल्डर्स के सभी बैंक खाते सील

पटना. रेरा ने सोमवार को मेसर्स पाटलिग्राम बिल्डर्स प्रा लि सभी बैंक खातों को सील कर दिया है. रेरा ने इसके लिए रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया ,एसबीआइ, गोलारोड, आइडीबीआइ सगुना मोड, आइसीआइसीआइ बैंक सगुना मोड़ सहित सभी बैंकों को इस आशय का पत्र भेज दिया है. रेरा ने पाटलिग्राम बिल्डर्स के खिलाफ स्वतः संज्ञान लेते हुए नोटिस जारी किया था. इसमें कंपनी के तीनों डायरेक्टरों प्रभात कुमार रंजन, प्रिया कुमारी और शीला रानी को नोटिस दिया था. इनको तत्काल प्रभाव से सभी तरह की कार्य को रोकने का भी आदेश दिया गया है.

Scanned by CamScanner